



# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार

रजि.न.34300/80 | संख्या 292 | श्री विजय पुरम, रविवार, 01 नवंबर 2026 | web: dt.andamannicobar.gov.in | 2.00 रूपए





चिकित्सीय आपातकाल/एम्बुलेंस सेवा के लिए कृपया 112 पर डायल करें।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर माननीय उप राज्यपाल ने राष्ट्रीय एकता दिवस मार्च पास्ट की सलामी ली

### 23 नवनिर्मित पीसीआर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### तीनों ज़िलों में पुलिस की गतिशीलता और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता होगी सुदृढ़








श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर माननीय उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह डॉ. दिनेश शर्मा ने आज मरीना पार्क, श्री विजयपुरम में अण्डमान तथा निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस मार्च पास्ट की सलामी ली। डुगोंग गेस्ट हाउस से राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम तक आयोजित इस मार्च पास्ट ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव का सशक्त संदेश दिया।

मार्च पास्ट में पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासन और समन्वय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर माननीय उप राज्यपाल ने पुलिस बेड़े में शामिल हुए 23 नवनिर्मित पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन अत्याधुनिक वाहनों के पुलिस बेड़े में शामिल होने से तीनों ज़िलों में पुलिस की गतिशीलता, आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता तथा कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

आम नागरिकों को त्वरित सहायता पहुंचाने में ये वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अपने संबोधन में माननीय उप राज्यपाल ने सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण में अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर माननीय सांसद श्री विष्णु पद राय, पुलिस महानिदेशक, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह, उपायुक्त (दक्षिण अण्डमान), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (दक्षिण अण्डमान) सहित प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लोक निवास में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को दोहराया

### कन्नड़ संग द्वारा उप राज्यपाल राहत कोष में अंशदान







श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आज लोक निवास, श्री विजयपुरम में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा जी ने लोक निवास के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान एवं राष्ट्रीय एकीकरण में उनकी निर्णायक भूमिका को स्मरण किया।

शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत श्री विजयपुरम के कन्नड़ संग के प्रतिनिधिमंडल ने लोक निवास में माननीय उप राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए उप राज्यपाल राहत कोष में 1,00,000 रुपये का चेक भेंट किया। माननीय उप राज्यपाल ने इस उदार सहयोग के लिए कन्नड़ संग का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार का सहयोग ज़रूरतमंदों की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।





अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा जी से लोक निवास, श्री विजयपुरम में गृह मंत्रालय, भारत सरकार की संसदीय राजभाषा समिति की तृतीय उप–समिति के माननीय संयोजक एवं सांसद श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, माननीय सांसद श्री ओमप्रकाश राजेनिंबालकर, माननीय सांसद श्री संजय सेठ, माननीय सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता एवं समिति के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।

## माननीय उप राज्यपाल ने कैंसर जांच हेतु दो मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### मछुआरा समुदाय को सुरक्षा उपकरण वितरित

### एसबीआई फाउंडेशन एवं आश्रय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तीन वर्षों तक संचालित होगा द्वीपसमूह में स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच अभियान




श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर। अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा जी ने आज होटल लेमन ट्री, श्री विजयपुरम में भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं आश्रय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में द्वीपसमूह के नागरिकों की कैंसर जांच हेतु दो चलित जांच इकाइयों

शेष पृष्ठ 4 पर

## शुभकामनाएँ



अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर, मैं इन सुंदर एवं ऐतिहासिक द्वीपों के समस्त निवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

'लघु भारत' के रूप में विख्यात अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह विविध संस्कृतियों, परंपराओं और भाषाओं के समन्वय के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। ऐतिहासिक सेल्यूलर जेल हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, त्याग और सर्वोच्च बलिदान की अमर गाथा का प्रतीक है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गौरवशाली विरासत भी इन द्वीपों के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व को और अधिक विशिष्ट बनाती है।

अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जैव विविधता और अपार संभावनाओं से परिपूर्ण यह द्वीप आज आधारभूत संरचना, संपर्क सुविधाओं, पर्यटन तथा जनकल्याण के क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण और जनजातीय विरासत के संवर्धन के साथ विकास की ये पहलें *'विकसित भारत@2047'* के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

इस शुभ अवसर पर, आइए हम सभी द्वीपों की शांति, समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करें। मुझे विश्वास है कि एकता, देशभक्ति और दृढ़ संकल्प की भावना से प्रेरित होकर हम अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह को एक प्रगतिशील, समृद्ध एवं सतत् विकास की दिशा में अग्रसर क्षेत्र बनाने के साथ–साथ विकसित भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

जय हिंद!

(डॉ दिनेश शर्मा)
उप राज्यपाल
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

## शुभकामनाएँ



जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर, मैं अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में निवास कर रहे इन दोनों केंद्रशासित प्रदेशों के सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। यह अवसर उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली परंपराओं तथा अदम्य साहस और संकल्प की भावना का स्मरण करने का है।

जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख अपनी अनुपम प्राकृतिक सुंदरता, विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक परंपराओं और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए विख्यात हैं। इन क्षेत्रों की विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि भारत की सभ्यतागत विरासत को और अधिक गौरवशाली बनाती है। 31 अक्टूबर, 2019 को केंद्रशासित प्रदेशों के रूप में इनके गठन के पश्चात, शांति, प्रगति एवं समावेशी विकास की दिशा में इनकी यात्रा ने नई आकांक्षाओं और संभावनाओं को बल प्रदान किया है।

स्थापना दिवस हमें भारत की एकता, अखंडता और विविधता में एकता के शाश्वत मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख भले ही भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भिन्न हों, किंतु शांति, सद्भाव, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की आकांक्षा से एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। आइए, हम *'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'* की भावना को और सशक्त बनाते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के *'विकसित भारत'* के संकल्प को साकार करने में अपना सामूहिक योगदान दें।

इस पुनीत अवसर पर, मैं जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख के लोगों के लिए निरंतर शांति, प्रगति और समृद्धि की कामना करता हूँ। आशा है कि ये दोनों केंद्रशासित प्रदेश विकास एवं उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित करेंगे तथा इनकी गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक विविधता और एकजुटता की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

(डॉ. दिनेश शर्मा)
उप राज्यपाल
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

## शुभकामनाएँ



आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरलम, मध्य प्रदेश, पंजाब एवं तमिलनाडु राज्यों तथा चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप एवं पुदुचेरी केंद्रशासित प्रदेशों के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर, मैं इन सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों, विशेषकर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में निवास कर रहे संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

इन राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में से प्रत्येक भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा का एक विशिष्ट प्रतीक है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कला, साहित्य, सुशासन और सामाजिक प्रगति के विभिन्न क्षेत्रों में इनके उल्लेखनीय योगदान ने राष्ट्र के विकास को गति प्रदान की है तथा भारत की एकता और अखंडता को और अधिक सुदृढ़ बनाया है।

आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक एवं कलात्मक परंपराओं से लेकर केरलम की प्राकृतिक सुंदरता और जीवंत सांस्कृतिक विरासत तक, हरियाणा एवं पंजाब की कृषि शक्ति से लेकर छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों और औद्योगिक संभावनाओं तक, तथा कर्नाटक की तकनीकी प्रगति से लेकर दिल्ली, चंडीगढ़, लक्षद्वीप और पुदुचेरी की विशिष्ट ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान तक, प्रत्येक क्षेत्र राष्ट्र की विकास यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इन सभी की उपलब्धियाँ भारत की विविधता, सृजनशीलता, परिश्रम और सामूहिक संकल्प का सशक्त उदाहरण हैं।

ये स्थापना दिवस हमारी साझा विरासत का उत्सव मनाने, आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के बंधनों को मजबूत करने तथा राष्ट्रीय एकता और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर प्रदान करते हैं। भाषा, संस्कृति, भौगोलिक परिस्थितियों और परंपराओं की विविधता के होते हुए भी हम सभी एक राष्ट्र के रूप में एकता के सूत्र में बंधे हैं। आइए, हम *'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'* की भावना को आत्मसात करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के *'विकसित भारत'* के संकल्प को साकार करने की दिशा में सामूहिक रूप से आगे बढ़ें।

इस शुभ अवसर पर, मैं अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में निवास कर रहे इन सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के नागरिकों को पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। कामना है कि ये स्थापना दिवस हमारी राष्ट्रीय विरासत के प्रति गौरव की भावना को और प्रगाढ़ करें, पारस्परिक समझ एवं सद्भाव को बढ़ावा दें तथा राष्ट्र की प्रगति, समृद्धि और जनकल्याण में योगदान देने के लिए हम सभी को प्रेरित करें।

(डॉ. दिनेश शर्मा)
उप राज्यपाल
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

CMYK +

## माननीय उप राज्यपाल ने कैंसर जांच हेतु ——————————पृष्ठ 1 का शेष





(मोबाइल मेडिकल वैन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोबाइल वैन में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

साथ ही, मछुआरा समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं मानव–मगरमच्छ संघर्ष की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से सुरक्षा उपकरणों का भी वितरण किया गया। इन मोबाइल जांच इकाइयों का शुभारंभ स्वास्थ्य सेवाओं को दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों तक सुलभ कराने एवं कैंसर के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वहीं, मछुआरा समुदाय को वितरित सुरक्षा उपकरण उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मानव–मगरमच्छ संघर्ष के जोखिम को कम करने में सहायक सिद्ध होंगे। यह अभियान अगले तीन वर्षों तक निरंतर संचालित किया जाएगा। यह पहल जनस्वास्थ्य, जनसुरक्षा एवं द्वीपवासियों के कल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता का सराहनीय उदाहरण है।

इस अवसर पर माननीय सांसद श्री विष्णु पद राय, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री आर. नटराजन, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) श्री जी.एस. राणा, एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक श्री स्वपन धर, आश्रय फाउंडेशन की कार्यक्रम निदेशक सुश्री जेनिशा धरानी, संस्थापक न्यासी श्री नवीन सहित उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक (दक्षिण अण्डमान) और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव श्री ज्ञानेश भारती, भा.प्र.से., ने 31 अक्टूबर, 2026 को सचिवालय में प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# अण्डमान–निकोबार द्वीपसमूह का स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा

## टैगोर सभागार में आयोजित विशेष समारोह में माननीय उप राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा अण्डमान–निकोबार द्वीपसमूह का स्थापना दिवस 1 नवंबर, 2026 (रविवार) को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री विजयपुरम स्थित टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय (टीजीसीई) के ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समारोह में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। स्थापना दिवस समारोह का उद्देश्य द्वीपसमूह के ऐतिहासिक महत्व को स्मरण करने के साथ–साथ यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास, विविधता में एकता और विकास यात्रा पर प्रकाश डालना है। यह अवसर द्वीपों के लोगों के योगदान को सम्मानित करने तथा अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी माध्यम बनेगा।

स्थापना दिवस द्वीपसमूह की साझा विरासत, सामूहिक आकांक्षाओं और उज्ज्वल एवं प्रगतिशील भविष्य के प्रति संकल्प को दोहराने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरलम, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु सहित केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप, पुदुचेरी, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस भी मनाया जाएगा।

यह आयोजन भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की भावना को भी प्रतिबिंबित करेगा। इसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान, आपसी समझ और पारस्परिक जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देना है। कला एवं संस्कृति विभाग ने आम जनता से इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल और यादगार बनाने की अपील की है।

# माननीय सांसद ने बर्मानाला और गुप्तापाड़ा में दो ग्रामीण सड़कों के उन्नयन कार्यों का किया शिलान्यास





श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय सांसद श्री विष्णु पद राय ने 28 अक्टूबर, 2026 को बर्मानाला और गुप्तापाड़ा के इंदिरानगर में दो ग्रामीण सड़कों के उन्नयन कार्यों का शिलान्यास किया। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई–3) के तहत स्वीकृत इन दोनों परियोजनाओं पर लगभग 13.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इन परियोजनाओं में पहली सड़क बर्मानाला से मक्का पहाड़ होते हुए पेमा जंक्शन तक बनाई जाएगी। इसकी कुल लंबाई 5.530 किलोमीटर है तथा इसके उन्नयन पर लगभग 6.68 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, दूसरी परियोजना के तहत स्टेट हाईवे–10 से गुप्तापाड़ा–2 कम्युनिटी हॉल तक सड़क का उन्नयन किया जाएगा, जिस पर लगभग 6.82 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

उल्लेखनीय है कि ये दोनों सड़कें पिछले कई वर्षों से बेहद जर्जर स्थिति में थीं, जिसके कारण स्थानीय निवासियों और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वित्तीय संसाधनों की कमी के चलते स्थानीय पंचायती राज संस्थाएं (पीआरआई) लंबे समय से इन सड़कों की आवश्यक मरम्मत, नवीनीकरण और उन्नयन का कार्य कराने में असमर्थ थीं।

ऐसे में भारत सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई–3 के तहत इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करना ग्रामीण सड़क संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने और क्षेत्र के लोगों को सुगम एवं सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सांसद कार्यालय से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और संबंधित ठेकेदारों के बीच हुए अनुबंध के तहत इन सड़कों के रखरखाव की पांच वर्ष की गारंटी अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि के दौरान ठेकेदार अनुबंध की शर्तों के अनुरूप सड़कों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे।

इस अवसर पर माननीय सांसद श्री विष्णु पद राय ने इन महत्वपूर्ण सड़क विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल तथा केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों सड़क परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को टिकाऊ, बेहतर और सुगम सड़क संपर्क सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

# दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन द्वारा आज ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण अण्डमान की उपायुक्त सुश्री पूर्वा गर्ग, भा.प्र.से., ने की। इस अवसर पर अपर ज़िला मजिस्ट्रेट (एडीएम) श्रीमती प्रियंका कुमारी सहित ज़िला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह दिवस भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री पूर्वा गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में एकता और अखंडता की भावना को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कार्यस्थल पर पूरी निष्ठा, समर्पण और ज़िम्मेदारी के साथ जनसेवा सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया।

# कार निकोबार में मना पीएम–किसान उत्सव दिवस, 88 किसानों ने कराया ई–केवाईसी अपडेट



कार निकोबार, 31 अक्टूबर।

कृषि विभाग, कार निकोबार द्वारा सीआईएआरआई–कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), कार निकोबार के समन्वय से कल उपायुक्त कार्यालय, परका स्थित सम्मेलन कक्ष (ईओसी) में ज़िला स्तरीय पीएम–किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुजरात के बनासकांठा से भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) योजना की 24वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर किसानों को एकजुट करना और उन्हें योजना से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में निकोबार के उपायुक्त श्री अमित काले, भा.प्र.से., मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, कार निकोबार के सहायक आयुक्त (मुख्यालय) श्री आशीष कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों (हेडमैन), संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में पीएम–किसान योजना के लाभार्थियों, प्रगतिशील किसानों और विभिन्न गांवों के किसान मित्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और योजना की 24वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर के साक्षी बने।

इस दौरान किसानों को अधिकारियों के साथ सीधे संवाद करने तथा योजना से संबंधित समस्याओं और आवश्यकताओं के समाधान के लिए सहायता प्राप्त करने का अवसर भी मिला। विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों ने योजना से किसानों को मिल रहे लाभों के संबंध में अपने विचार साझा किए। साथ ही उन्होंने किसानों से संबंधित विभागों के समन्वय से अपने आवश्यक दस्तावेज़ नियमित रूप से अपडेट रखने की अपील की। लाभार्थियों को योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे, इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर ई–केवाईसी अपडेट करने की विशेष व्यवस्था की गई थी। इसके अतिरिक्त सिविल सप्लाईज एवं कंज्यूमर अफेयर्स विभाग में आधार सीडिंग तथा उपायुक्त कार्यालय के आसपास स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और अण्डमान तथा निकोबार स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक (एएनएससीबी) में बैंक सीडिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान कुल 88 किसानों ने सफलतापूर्वक अपनी ई–केवाईसी प्रक्रिया पूरी की। इस पहल से किसानों को योजना संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने में सुविधा मिली और भविष्य में मिलने वाली किस्तों का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त करने की दिशा में सहायता मिली।

# शहीद द्वीप में आयोजित विशेष राजस्व शिविर–सह–न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे पर ज़ोर





श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल के निर्देशों के अनुपालन में दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन द्वारा आज शहीद द्वीप में विशेष राजस्व शिविर–सह–न्यायालय का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों का शीघ्र निपटारा करना, मामलों की लंबित संख्या कम करना तथा आम जनता को समयबद्ध तरीके से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना था।

ग्राम पंचायत नील केंद्र में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता दक्षिण अण्डमान के सहायक आयुक्त ने की। इसमें श्री विजयपुरम के तहसीलदार भी शामिल हुए। शिविर के माध्यम से आवेदकों को अपने राजस्व संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराया गया, जहां पारदर्शी, समयबद्ध और नागरिक हितैषी तरीके से उनकी समस्याओं पर विचार किया गया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरान आम जनता तथा पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई शिकायतों एवं समस्याओं को भी सुनवाई के लिए लिया गया। सहायक आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित हितधारकों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय समस्याओं एवं जनशिकायतों का जायज़ा भी लिया। अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें भी एकत्र की गईं, जिन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। इस विशेष राजस्व शिविर–सह–न्यायालय के आयोजन के माध्यम से दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन ने जवाबदेह प्रशासन, कुशल जनसेवा वितरण और नागरिक–केंद्रित शासन व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

ज़िला प्रशासन ने बताया कि लंबित दाखिल–खारिज (म्यूटेशन) सहित अन्य राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे, प्रशासनिक सेवाओं को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने तथा समय पर राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भविष्य में भी नियमित अंतराल पर इस तरह के शिविरों और जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखा जाएगा।

# मायाबंदर में सार्वजनिक सुविधा शिविर का आयोजन 2 नवम्बर को

मायाबंदर, 31 अक्टूबर।

''माननीय उप राज्यपाल के शिकायत निवारण दिवस'' के भाग के रूप में सार्वजनिक शिकायतों, समस्याओं और सेवा से संबंधित आवेदनों के समय पर और प्रभावी निपटान के लिए सहायक आयुक्त द्वारा ज़िला कार्यालय, मायाबंदर के सम्मेलन कक्ष में सोमवार 2 नवम्बर, 2026 पर सुबह 11 बाजे सार्वजनिक सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उत्तर व मध्य अण्डमान के अपर ज़िला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में मायाबंदर तहसील के सभी पीआरआई सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि 2 नवम्बर को सुबह 11 बजे आयोजित सार्वजनिक सुविधा शिविर में उपस्थित रहें।

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा प्रबन्धक, राजकीय मुद्रणालय द्वारा मुद्रित, वितरण तथा विज्ञापन के लिए फोन–229465, प्रधान सम्पादक (प्रभारी) पी. कैरल डी. सोणी
e-mail:dweepsamachar@gmail.com

# बिम्सटेक नौसैनिक अभ्यास में भाग लेने पहुंचे श्रीलंका और म्यांमार के युद्धपोतों का अण्डमान–निकोबार कमान ने किया स्वागत










श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

अण्डमान तथा निकोबार कमान ने पहले बिम्सटेक समुद्री सुरक्षा अभ्यास में भाग लेने के लिए श्री विजयपुरम पहुंचे श्रीलंका के नौसैनिक पोत एसएलएनएस गजबाहु और म्यांमार के नौसैनिक पोत यूएमएस किंग आंग जेया का गर्मजोशी से स्वागत किया।

भारतीय नौसेना की मेज़बानी में आयोजित यह बहुपक्षीय समुद्री सुरक्षा अभ्यास 30 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसमें बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न देशों के समुद्री साझेदार हिस्सा ले रहे हैं।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इस अभ्यास का प्रमुख उद्देश्य सहभागी देशों की नौसेनाओं के बीच आपसी समन्वय एवं संचालन क्षमता को मजबूत करना, सामूहिक समुद्री क्षेत्र जागरूकता को बढ़ावा देना तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्री चुनौतियों और सीमापार समुद्री खतरों से निपटने के लिए समन्वित कार्रवाई की क्षमता विकसित करना है। यह अभ्यास बिम्सटेक सदस्य देशों की क्षेत्रीय सहयोग, समुद्री सुरक्षा और स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है।

'साझा समुद्र, साझा सुरक्षा, साझा समृद्धि' की भावना पर आधारित यह पहल बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में आपसी विश्वास, सहयोग और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# प्रथम बिम्सटेक समुद्री सुरक्षा अभ्यास का आगाज़

## 'साझा समुद्र, साझा सुरक्षा और साझा समृद्धि' के संकल्प के साथ क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को मिलेगी नई मजबूती










श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

प्रथम बिम्सटेक समुद्री सुरक्षा अभ्यास सदस्य देशों के बीच समुद्री सहयोग को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभ्यास में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के प्रति सदस्य देशों की साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के निष्कर्षों और 'समृद्ध, सशक्त एवं खुला बिम्सटेक' विषयवस्तु के अनुरूप आयोजित यह अभ्यास समुद्री सहयोग और संचालन संबंधी समन्वय को बढ़ावा देने के लिए एक व्यावहारिक मंच प्रदान करता है। यह सदस्य देशों के साझा दृष्टिकोण को धरातल पर उतारने अर्थात 'विजन को कार्यरूप में परिणत करने' की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बंगाल की खाड़ी दक्षिण और दक्षिण–पूर्व एशिया को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र है। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार, संपर्क व्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इस अभ्यास का उद्देश्य सदस्य देशों की नौसेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता (इंटरऑपरेबिलिटी) को बेहतर बनाना, समुद्री क्षेत्र जागरूकता को मजबूत करना, समन्वय तंत्र में सुधार लाना तथा एक–दूसरे के अनुभवों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान–प्रदान करना है।

यह अभ्यास अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के सामरिक महत्व और अण्डमान तथा निकोबार कमान की भूमिका को भी विशेष रूप से रेखांकित करता है। भारत की पहली त्रि–सेवा कमान होने के नाते अण्डमान तथा निकोबार कमान बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

महत्वपूर्ण समुद्री संचार मार्गों के निकट इसकी भौगोलिक स्थिति तथा समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर), खोज एवं बचाव अभियान और क्षेत्रीय सहयोग से जुड़ी क्षमताएं इसे क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनाती हैं।

प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस प्रथम अभ्यास के माध्यम से बिम्सटेक सदस्य देश सुरक्षित, खुला और समावेशी समुद्री क्षेत्र बनाए रखने के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं। 'साझा समुद्र, साझा सुरक्षा और साझा समृद्धि' की भावना को आत्मसात करते हुए यह अभ्यास क्षेत्रीय एकजुटता, शांति, स्थिरता और सतत विकास के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाने का संदेश देता है।

# नागरी लिपि पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी एवं पुस्तक का लोकार्पण

श्री विजय पुरम, 31 अक्टूबर।

नागरी लिपि परिषद्, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह इकाई तथा जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, श्री विजय पुरम के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार, 28 अक्टूबर, 2026 को महाविद्यालय परिसर में 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नागरी लिपि' विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी विभाग की छात्रा जे. ईशा द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास एवं वरिष्ठ आचार्य डॉ. राम गोपाल सिंह का सम्मान डॉ. सैनबा गोल्डर तथा वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा किया गया। वरिष्ठ आचार्या डॉ. लीलामणि ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के दौरान डॉ. रमेश कुमार एवं डॉ. रत्ना कुशवाह के संपादन में प्रकाशित पुस्तक 'हिंदी कहानी तथा कथेतर गद्य विधाएँ' का अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने अपने संबोधन में हिंदी विभाग को संगोष्ठी के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि के निरंतर प्रयोग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने अपने बीज वक्तव्य में देवनागरी लिपि के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. नेहा सिंह, डॉ.



दीपाली कुजूर तथा स्नातकोत्तर की छात्राओं पी. जयंती और नफीसा ने शोधपत्रों का वाचन किया। डिजिटल युग में देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता, उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर भूगोल विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. राम गोपाल सिंह बघेल ने अध्यक्षीय वक्तव्य प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में नागरी लिपि के विस्तृत इतिहास, हिंदी भाषा एवं नागरी लिपि के गहरे संबंधों तथा आधुनिक समय में इसकी वैज्ञानिकता और प्रासंगिकता के विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा की गई। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के समापन पर डॉ. बघेल को उनके दीर्घ शैक्षणिक सेवाकाल के पश्चात सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं सह–संयोजन हिंदी विभाग की सहायक आचार्या डॉ. दीक्षा गुप्ता ने किया। अंत में हिंदी विभाग के शिक्षक श्री पैट्रिक एक्का ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरकारी आवासों के आबंटन के लिए वरिष्ठता सूची पर दावे व आपत्तियाँ आमंत्रित

श्री विजय पुरम, 31 अक्टूबर।

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन, सचिवालय के आवास एवं संपदा अनुभाग द्वारा प्रशासन के परिपत्र संख्या 1-167/2021/H&E/Vol-VII दिनांक 27.05.2026 के माध्यम से सत्र 2026–27 हेतु सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवासों के आवंटन के लिए नए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (DDOs)/कार्यालयाध्यक्षों (HOOs) द्वारा विधिवत सत्यापित सरकारी कर्मचारियों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर, प्रकार–वार/श्रेणी–वार अंतिम वरिष्ठता सूची तैयार की गई है। उक्त सूची आवेदकों की जानकारी हेतु IAGA पोर्टल के होमपेज पर "मदपवतपजल स्पेज (ळमदमतंस च्वसे)" शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है। पोर्टल का वेब पता https://aaga.andamannicobar.gov.in है। आवेदक अपनी वरिष्ठता से संबंधित दावे/आपत्तियाँ, यदि कोई हों, तो अपने संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी (क्क्े)/कार्यालयाध्यक्ष HOOके माध्यम से सहायक सचिव (आवास एवं संपदा), सचिवालय को दिनांक 04.11.2026 को अपराह्न 5.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय–सीमा के भीतर कोई दावा/आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त अंतिम वरिष्ठता सूची को अंतिम वरिष्ठता सूची माना जाएगा।

# एमवी स्वराज द्वीप का आगमन एवं प्रस्थान

श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।

चेन्नई से रवाना हुआ यात्री पोत एमवी स्वराज द्वीप 2 नवंबर को सुबह 9 बजे श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। पोत में 318 वयस्क यात्रियों और दो शिशुओं सहित कुल 320 यात्री सवार हैं। श्री विजयपुरम पहुंचने पर पोत को हैडो घाट पर लगाया जाएगा तथा यात्रियों को तत्काल उतारने की व्यवस्था की जाएगी। इस बीच एमवी स्वराज द्वीप 4 नवंबर को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। पोत में अतिरिक्त सामान लोड करने की प्रक्रिया 3 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक पूरी की जाएगी। अतिरिक्त सामान अथवा माल की बुकिंग इसके लिए पहले से जहाज़रानी सेवा निदेशालय के वाणिज्यिक विंग में कराना अनिवार्य होगा। विशाखापत्तनम जाने वाले यात्रियों का पोत पर चढ़ने (एम्बार्केशन) की प्रक्रिया 4 नवंबर को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक चलेगी। निर्धारित प्रस्थान समय से एक घंटा पहले यात्रियों का एम्बार्केशन बंद कर दिया जाएगा।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यात्रियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित समय से पहले ही हैडो घाट पर पहुंचें। देर से पहुंचने वाले यात्रियों को किसी भी स्थिति में पोत पर सवार होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिरिक्त सामान की बुकिंग और लोडिंग के लिए भी निर्धारित समय का पालन करना अनिवार्य होगा। जहाज़रानी सेवा निदेशालय ने सभी यात्रियों से यात्रा संबंधी औपचारिकताएं समय रहते पूरी करने तथा अंतिम समय की असुविधा से बचने के लिए समय पर पहुंचने की अपील की है।

# व्हाइट केन सुरक्षा दिवस पर चला जागरूकता अभियान

श्री विजय पुरम, 31 अक्टूबर।

समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी), अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह ने होप फाउंडेशन, श्री विजय पुरम के सहयोग से आज व्हाइट केन सुरक्षा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा 6.0' अभियान की भावना को भी बढ़ावा दिया गया। इस आयोजन में दिव्यांगजनों, सीआरसी के कर्मचारियों, होप फाउंडेशन के सदस्यों तथा जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय (जेएनआरएम) और अण्डमान कॉलेज (एनकॉल) के विद्यार्थियों सहित लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। होप फाउंडेशन की श्रीमती फरीदा बीबी और उनकी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। व्हाइट केन सुरक्षा दिवस दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए सफेद छड़ी के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सफेद छड़ी उनके लिए आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सम्मान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत अबर्डीन बाज़ार स्थित घंटा घर से तिरंगा पार्क तक जागरूकता रैली के साथ हुई। रैली को शिक्षा निदेशालय के उप निदेशक (विज्ञान) श्री राम प्रवेश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीआरसी, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की निदेशक श्रीमती सुमिथामोल एस. भी उपस्थित रहीं।

रैली के माध्यम से सफेद छड़ी की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं



यातायात जागरूकता, सुगम्यता, गरिमा तथा दृष्टिबाधित व्यक्तियों की स्वतंत्र आवाजाही के महत्व से जुड़े संदेश प्रसारित किए गए। जागरूकता अभियान को रचनात्मक रूप देते हुए महात्मा गांधी प्रतिमा के समीप नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसमें व्हाइट केन सुरक्षा दिवस के महत्व और 'स्वच्छता ही सेवा 6.0' अभियान के उद्देश्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सीआरसी की टीम और कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने महात्मा गांधी प्रतिमा के आसपास के क्षेत्र में उत्साहपूर्वक श्रमदान किया तथा स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इस आयोजन के माध्यम से दृष्टिबाधित व्यक्तियों के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, उनके सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी का संदेश दिया गया।

## शपथ पत्र

मैं, **जुबैदा बीबी**, पत्नी श्री **एम. हम्सा**, पुत्री **श्री अब्दुल कादर** (Abdul Kader), निवासी हैड्डो, एतद्वारा शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करती हूँ :–

1. कि मेरा नाम जुबैदा बीबी है।
2. कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अब्दुल कादर (Abdul Kader) के स्थान पर त्रुटिवश अब्दुल कादर (Abdul Quader) अंकित हो गया है।
3. कि अब्दुल कादर (Abdul Kader) एवं अब्दुल कादर (Abdul Quader) दोनों एक ही व्यक्ति हैं।
4. कि मेरे पासपोर्ट संख्या P7174232 में मेरे पिता का नाम गलत अंकित है, जिसे आवश्यक संशोधन द्वारा सही किया जाना आवश्यक है।
5. कि उपयुक्त घोषणा मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है तथा मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता के नाम में सुधार करवाने के उद्देश्य से की जा रही है। यदि उपर्युक्त घोषणा में दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य पाई जाती है, तो उसके लिए मैं उत्तरदायी रहूँगी तथा मेरे विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : श्री विजय पुरम
दिनांक : 26/10/2026 शपथकर्ता

## ई–निविदा सूचना

कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल–।, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान, प्रमुख, पंचायत समिति, प्रात्रापुर की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए उचित श्रेणी के योग्य व अनुभवी ठेकेदारो से मुहरबंद मद दर (के.लो.नि.वि.–8 के प्रपत्र के रूप में) आमंत्रित करते है।

एन. आई. टी. संख्या : क.अ./पी आर आई/एस ए डी–।/आर आर(सीसीए)/2026–27/149

कार्य का नाम : पंचायत समिति द्वारा सिप्पीघाट 02 में मौजूदा ग्रामीण सड़क से उज्ज्वल टोप्पो के घर तक सड़क का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रु. 7,98,322/–, धरोहर राशि : रु. 15,966/–, कार्य समाप्ति की अवधि : (06) छह माह।

निविदा शुल्क : रु. 500/–, बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 04/11/2026 के अपराहन 3.00 बजे तक।

निविदा प्रपत्र और अन्य विवरण वेबसाइट https://eprocure.andamannicobar.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं।

टेंडर आई डी : 2026_RDPRI_25454_1

**कार्यपालक अभियंता,**
**पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल–।,**
**जंगलीघाट, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान**

## ई–निविदा सूचना

कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल–।, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान, प्रधान, ग्राम पंचायत, सिप्पीघाट की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए उचित श्रेणी के योग्य व अनुभवी ठेकेदारो से मुहरबंद मद दर (के.लो.नि.वि.–8 के प्रपत्र के रूप में) आमंत्रित करते है।

एन. आई. टी. संख्या : क.अ./पी आर आई/एस ए डी–।/आर आर/2026–27/107

कार्य का नाम : सिप्पीघाट ग्राम पंचायत के अंर्तगत सिप्पीघाट 02 में एम्ब्रोस के घर से अंगुस्वामी के घर तक सड़क की मरम्मत और रखरखाव (दूसरा कॉल)।

अनुमानित लागत : रु. 11,17,660/–, धरोहर राशि : रु. 22,353/–, कार्य समाप्ति की अवधि : (04) चार माह।

निविदा शुल्क : रु. 500/–, बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 04/11/2026 के अपराहन 3.00 बजे तक।

निविदा प्रपत्र और अन्य विवरण वेबसाइट https://eprocure.andamannicobar.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं।

टेंडर आई डी : 2026_RDPRI_24477_2

**कार्यपालक अभियंता,**
**पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल–।,**
**जंगलीघाट, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान**

## ई–निविदा सूचना

कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल–।, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान, प्रधान, ग्राम पंचायत, बम्बूफ्लाट–।। की ओर से, निम्नलिखित कार्यो के लिए उचित श्रेणी के योग्य व अनुभवी ठेकेदारो से मुहरबंद मद दर (के.लो.नि.वि.–8 के प्रपत्र के रूप में) आमंत्रित करते है।

एन. आई. टी. संख्या : क.अ./पी आर आई/एस ए डी–।/जीईएन/2026–27/157

1. बम्बूफ्लाट–।।, ग्राम पंचायत के अंर्तगत वार्ड संख्या 07 में बबलू के घर से मुख्य सड़क तक सी सी फुटपाथ का नवीनीकरण।
2. बम्बूफ्लाट–।।, ग्राम पंचायत के अंर्तगत वार्ड संख्या 07 में लॉरेंस पास्टर के घर से एस्टर सोरेंग के घर तक सी सी फुटपाथ का नवीनीकरण।
3. बम्बूफ्लाट–।।, ग्राम पंचायत के अंर्तगत वार्ड संख्या 06 में अजीत मल्लिक के पीछे से लेकर शक्ति के घर तक सी सी ड्रेन सहित दीवार का नवीनीकरण।

अनुमानित लागत : रु. 11,16,116/–, धरोहर राशि : रु. 22,322/–, कार्य समाप्ति की अवधि : (03) तीन माह।

निविदा शुल्क : रु. 500/–, बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 06/11/2026 के अपराहन 3.00 बजे तक।

निविदा प्रपत्र और अन्य विवरण वेबसाइट https://eprocure.andamannicobar.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं।

टेंडर आई डी : 2026_RDPRI_25537_1

**कार्यपालक अभियंता,**
**पंचायती राज संस्थान, दक्षिण अण्डमान मण्डल–।,**
**जंगलीघाट, श्री विजय पुरम, दक्षिण अण्डमान**

खबरों और रोचक जानकारियों के लिए पढ़िए
**'द्वीप समाचार'**

# 114 विद्यार्थियों ने लगाए 125 पौधे, हरियाली के संरक्षण का लिया संकल्पः अनिम्स ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में निभाई भागीदारी

**श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।**

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित होकर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा संस्थान (अनिम्स) ने 29 अक्टूबर, 2026 को देशव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। मातृशक्ति के सम्मान और धरती मां के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस पौधरोपण कार्यक्रम के तहत संस्थान परिसर में 125 पौधे लगाए गए।**

**इस कार्यक्रम का आयोजन स्टार एजेंसीज एवं स्टार शिपिंग कंपनी द्वारा किया गया, जिसे अण्डमान शिपओनर्स एसोसिएशन, श्री विजयपुरम, इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस), श्री विजयपुरम तथा अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के पर्यावरण एवं वन विभाग का सहयोग प्राप्त हुआ।**

**कार्यक्रम का नेतृत्व अनिम्स के निदेशक डॉ. मुकेश त्रिपाठी ने किया। उनके मार्गदर्शन में संस्थान परिसर को हरित एवं स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से यह अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मर्कैंटाइल मरीन डिपार्टमेंट (एमएमडी), श्री विजयपुरम के सर्वेयर–इन–चार्ज सह उप महानिदेशक श्री गोपीकृष्ण सी. तथा इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग के सर्वेयर प्रमुख श्री संजीव लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अण्डमान निकोबार शिपओनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण अभियान में भाग लिया।**

**कार्यक्रम के सुचारू संचालन की ज़िम्मेदारी सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अजय राज सेथुरामन ने निभाई। वहीं, संकाय सदस्यों डॉ. समर हुसैन, डॉ. आंचल आनंद, डॉ. एझिलारासन एस. और डॉ. अमोल रामकृष्ण पाटिल ने अभियान के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

**पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से हेड फॉरेस्ट गार्ड श्री अरविंद पहाड़ी, डिप्टी रेंजर श्री ए. रामाराव एवं सुश्री नमिता घोष तथा फॉरेस्टर श्री आर. सुरेंद्रन और श्री गोविंद राव ने तकनीकी विशेषज्ञता एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया।**

**पौधरोपण अभियान का शुभारंभ अनिम्स के निदेशक डॉ. मुकेश त्रिपाठी ने पहला पौधा लगाकर किया। इसके बाद अन्य अतिथियों ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 बैच के कुल 114 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्थान परिसर में 125 पौधे लगाए। संस्थान की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि पौधरोपण किसी भी समुदाय द्वारा अपने पर्यावरण के लिए किए जाने वाले सबसे स्थायी योगदानों में से एक है। भावी चिकित्सकों को तैयार करने वाले संस्थान के लिए स्वस्थ परिसर का निर्माण एक स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।**



**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान ने इस पहल को भावनात्मक और व्यक्तिगत महत्व भी प्रदान किया। वर्ष 2026 बैच के 114 विद्यार्थियों के लिए यह अपने चिकित्सा जीवन की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण जैसे सार्थक कार्य से करने का अवसर रहा। लगाए गए 125 पौधे आने वाले वर्षों में संस्थान परिसर की हरियाली बढ़ाने के साथ–साथ भावी पीढ़ियों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे।**

**अनिम्स ने उम्मीद जताई कि यह पहल श्री विजयपुरम को आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक हरित, स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के सामूहिक प्रयासों को नई प्रेरणा प्रदान करेगी।**

# औषधीय पौधों के प्रति जागृति लाने के लिए आयुष विभाग द्वारा छात्र शैक्षणिक भ्रमण आयोजित





**श्री विजयपुरम, 31 अक्टूबर।**

**11वें आयुर्वेद दिवस 2026 के उपलक्ष्य में निर्धारित थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद के तहत स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष स्कंध तथा अण्डमान तथा निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी की ओर से 30 अक्टूबर को औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।**

**इस कार्यक्रम के तहत श्री विजयपुरम के लम्बा लाइन स्थित विवेकानंद केंद्र विद्यालय के विद्यार्थियों को भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) के नयाशहर स्थित बॉटनिकल गार्डन ले जाया गया। इस भ्रमण में विद्यालय के 108 विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भ्रमण दल को विवेकानंद केंद्र विद्यालय, श्री विजयपुरम की सचिव सुश्री वर्षा बुजोन ने विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नयाशहर स्थित बॉटनिकल गार्डन पहुंचने पर आयुष अस्पताल के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूर्यकांत सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वनस्पतिशास्त्री डॉ. अनिल के. मिडिगेसी ने विद्यार्थियों को विभिन्न औषधीय पौधों की पहचान, उनकी विशेषताओं और औषधीय उपयोगों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।**

**इस दौरान आयुष अस्पताल के होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णन कुट्टी तथा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैशाली ने भी विद्यार्थियों को औषधीय पौधों के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों को अपने आसपास उपलब्ध स्थानीय औषधीय पौधों को लगाने और उनके संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विवेकानंद केंद्र विद्यालय, लम्बा लाइन की प्रधानाचार्या श्रीमती जया शिवशंकरन, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के अपर निदेशक डॉ. लालजी सिंह तथा नयाशहर बॉटनिकल गार्डन के सहयोगी कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में आयुर्वेद, पारंपरिक औषधीय ज्ञान और जैव विविधता के संरक्षण के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना था।**

# अण्डमान–निकोबार राज्य स्तरीय ओपन रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता 14 व 15 नवंबर को

**श्री विजय पुरम, 28 अक्टूबर।**

**अण्डमान–निकोबार शतरंज संघ (एएनसीए) द्वारा 14 एवं 15 नवंबर को अण्डमान–निकोबार राज्य स्तरीय ओपन रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता–2026 का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन परीक्षण के रूप में भी आयोजित की जाएगी।**

**रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 14 नवंबर को आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 10 मिनट का समय तथा प्रत्येक चाल पर 5 सेकंड का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसमें कुल नौ चक्र होंगे। वहीं, ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता 15 नवंबर को आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 5 मिनट का समय तथा प्रत्येक चाल पर 3 सेकंड का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसमें भी कुल नौ चक्र होंगे।**

**प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न पुरस्कार एवं ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। रैपिड वर्ग में ओपन श्रेणी के शीर्ष पांच खिलाड़ियों, सात वर्ष से कम से लेकर 19 वर्ष से कम आयु वर्गों, सबसे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ बालक एवं बालिका, 60 वर्ष से अधिक आयु के सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी तथा 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को पुरस्कार दिए जाएंगे। निर्धारित व्यक्तिगत विशेष पुरस्कारों के लिए न्यूनतम चार अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**

**प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार ब्लिट्ज वर्ग में ओपन श्रेणी के शीर्ष पांच खिलाड़ियों, शीर्ष तीन पुरुष खिलाड़ियों तथा शीर्ष तीन महिला खिलाड़ियों को ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, सात, नौ, 11, 13, 15 एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्गों में बालक एवं बालिकाओं को पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है तथा पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 नवंबर है। इच्छुक खिलाड़ी एएनसीए कार्यालय में श्रीमती सुधा से 9933217055 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं।**